प्रादेशिक समाचार
04.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राजधानी रांची, जमशेदपुर समेत देश के कई जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में ईडी ने छापेमारी की है । यह कार्रवाई सुबह से रांची के अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में चल रही है। हमारे जमशेदपुर संवाददाता ने बताया कि मानगो थाना अंतर्गत नीलगिरी अपार्टमेंट स्थित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के आप्त सचिव ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर ईडी ने दबिश दी है । सात सदस्यीय टीम उनसे पूछताछ कर रही है।

**********************

इडी की कार्रवाई पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरु हो गयी हैं। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने आरोप लगाया है कि कोरोना काल में आयुष्मान भारत योजना के नाम पर राज्य में बड़ी वित्तीय अनियमितता हुई है, जिसका खुलासा जरुरी है।

इधर, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार के इशारे पर राज्य में एक बार फिर केन्द्रीय जांच एजेंसियां सक्रिय हो गयी हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा का आरोप है कि वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध को दबाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।

**********************

बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ और सीआईएसएफ के बीच हुई झड़प में एक युवक की मौत के विरोध में आज बोकारो बंद है। बंद के कारण बीएसएल प्लांट के अंदर 20 घंटे से कर्मचारी और अधिकारी फंसे हैं और उत्पादन पर भी असर पड़ा है ।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के गोस्सनर कॉलेज में विकसित भारत 2047 विषय को लेकर एक अंतराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक नवाचार का समन्वित प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है और हमें उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना होगा।

**********************

कारा महा निरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने आज धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारा की व्यवस्था को संतोषजनक बताया। आईजी ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों में बेहतर ढंग से काम किया जा रहा है।

**********************

गुमला जिले के बसिया और बिशुनपुर प्रखण्ड में शत–प्रतिशत लक्षित आबादी की सिकल सेल एनीमिया की जांच पूरी कर ली गई है। गुमला जिला राज्य का पहला जिला है जहां पीवीटीजी समुदाय की पूरी आबादी की सिकल सेल एनीमिया जांच पूरी कर ली गई है। अब तक जिले में कुल 79 प्रतिशत से अधिक नागरिकों की जांच की जा चुकी है, जो राज्य में सबसे अधिक है।

**********************

देवघर स्थित बाबाधाम में छुट्टी के दौरान आने वाले सैलानियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई कदम उठाये गये हैं।

**********************

साहिबगंज जिले में नमामि गंगे परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त ने एक बैठक कर शकुंतला घाट, बिजली घाट और ओझाटोली घाट के सौंदर्यीकरण और समतलीकरण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बल दिया।

*******समाप्त***************